आज़ादी का अमृत महोत्सव

राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–5) विभाग

क्रमांकः प.4(4)साप्र/5/2021 जयपुर, दिनांकः 13 JUL 2022

--:: आज्ञा :: --

ट्रांजिट हॉस्टल, जयपुर का आवंटन इस विभाग के दिशा–निर्देश संख्या एफ.7(2)साप्र/5/06 दिनांक 27.10.2006 एवं इस विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 16.03.2016 में वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिकारियों को उनके नाम के सामने अंकित आवास एक वर्ष की अवधि के लिए या नियमित आवास उपलब्ध होने तक, जो भी पूर्व हो, तक के लिए निम्नांकित शर्तों पर अस्थाई रूप से आवंटित किया जाता है:–

1. आवंटित आवास अस्थाई आवास है, जिसका कब्जा एक सप्ताह में प्राप्त करना होगा।
2. संबंधित अधिकारी को नियमानुसार मकान किराया भत्ता देय नहीं होगा।
3. संबंधित अधिकारी से आवास के पेटे नियमानुसार किराया राशि अग्रिम वसूली उप महाप्रबन्धक, ट्रांजिट हॉस्टल, जयपुर द्वारा की जावेगी।
4. संबंधित अधिकारी के विरूद्ध ट्रांजिट हॉस्टल, जयपुर की पूर्व की कोई राशि बकाया हो तो कब्जा देने से पूर्व वसूल कर ली जावें।
5. संबंधित अधिकारी को मूल वेतन प्रमाण–पत्र उप महाप्रबन्धक, ट्रांजिट हॉस्टल को प्रस्तुत करना होगा।
6. स्थानान्तरण/सेवानिवृति की सूचना संबंधित अधिकारी द्वारा उप महाप्रबन्धक, ट्रांजिट हॉस्टल, जयपुर को तुरन्त दी जाएगी तथा कार्यमुक्त होने की तिथि से एक माह में आवास रिक्त करना होगा।
7. आवंटी को सम्पत्ति विवरण घोषणा–पत्र, गत भुगतान प्रमाण–पत्र, जो आहरण वितरण अधिकारी से प्रमाणित हो, उपलब्ध कराना होगा।
8. समय–समय पर इस विभाग द्वारा निर्धारित अन्य शर्तें भी मान्य होगी।

क्र.सं.	अधिकारी का नाम व पद	ग्रेड–पे	वरियता संख्या	आवंटित आवास संख्या
1	श्री दलपत सिंह राठौड़ (RAcS), महाप्रबन्धक (वित्त) राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, जयपुर	7600/- L-19	30/TH 2022	G-1/2 NTH
2	श्री गुरूशरण वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता एवं तकनीकी सहायक, सावर्जजनिक निर्माण विभाग, ग्रामीण वृत, जयपुर	6800/- L-17	24/TH 2022	G-1/4 NTH
3	श्रीमती रेखा गर्ग, लेखाधिकारी (ट्रेनी), हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान लोक प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर	5400/- L-14	10/TH 2022	F-1/1 NTH
4	श्रीमती रेणुबाला, लेखाधिकारी (प्रशिक्षु), हरिश्चन्द्र माथुर लोक प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर	5400/- L-14	27/TH 2022	F-1/2 NTH
5	सुनिता सैनी, लेखाधिकारी (प्रशिक्षु), हरिश्चन्द्र माथुर लोक प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर	5400/- L-14	28/TH 2022	F-1/3 NTH
6	श्री राम सिंह गुर्जर, लेखाधिकारी (प्रशिक्षु), हरिश्चन्द्र माथुर लोक प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर	5400/- L-14	29/TH 2022	F-1/4 NTH

राज्यपाल की आज्ञा से

ह०

(डॉ0 हर सहाय मीणा)
संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपित निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. संबंधित अधिकारी को भेजकर लेख है कि उनको आवंटित आवास का कब्जा एक सप्ताह तक प्राप्त कर विभाग को अवगत करावें। निर्धारित तिथि के पश्चात् रिक्त आवास को अन्य प्रतीक्षारत अधिकारी को आवंटित कर दिया जावेगा।
2. उप महाप्रबन्धक, ट्रांजिट हॉस्टल, जयपुर– कृपया आवास का कब्जा देने से पूर्व विभागाध्यक्ष द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण–पत्र प्राप्त करें कि आवंटी आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की तिथि से अब तक उनके विभाग में जयपुर में ही पदस्थापित है तथा आवंटी से सम्पत्ति विवरण घोषणा–पत्र, गत भुगतान प्रमाण–पत्र, जो आहरण वितरण अधिकारी से प्रमाणित हो, प्राप्त करे।
3. संबंधित विभागाध्यक्ष।
4. कोषाधिकारी, सचिवालय/कोषाधिकारी, शहर, जयपुर।
5. सहायक शासन सचिव, सामान्य प्रशासन (ग्रुप–2) विभाग– आवंटी को वरीयतानुसार नियमित आवास आवंटित करवाकर अवगत करावें।
6. प्रोग्रामर, सामान्य प्रशासन विभाग–को आवंटन पत्र विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

13/07/22

संयुक्त शासन सचिव